newsjankalyanseva@gmail.com www.jksnews.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - १३ | १७ से २३ अप्रैल २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## वारदात को अंजाम

बठिंडा सैन्य ठिकाने में हुई गोलीबारी और उसके बाद एक संतरी की कथित खुदकुशी को लेकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। यह देश के सबसे बड़े सैन्य ठिकानों में से एक है। यह इसलिए भी संवेदनशील है कि बिल्कुल पाकिस्तान की सीमा से लगा है और यहां तैनात सैनिक सदा अभियान के लिए तैयार रखे जाते हैं। जाहिर है, वहां सुरक्षा को लेकर खासी चौकसी बरती जाती है। ऐसे में अगर दो अज्ञात लोग उस सैन्य ठिकाने के भीतर घुस कर सो रहे चार जवानों को गोलियों से भून डालते हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। हालांकि अभी तक घटना की असली वजह ठीक-ठीक पता नहीं चल सकी है, मगर अधिकारियों का कहना है कि सैनिकों की आपसी रंजिश के चलते यह घटना घटी। घटना से दो दिन पहले एक इंसास राइफल और अट्ठाईस कारतूस चोरी चले गए थे। इस घटना में उसी राइफल के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वह चोरी गई राइफल घटना के बाद बरामद कर ली गई है। इस घटना की असल वजह जांच के बाद पता चल जाएगी, मगर वहां की सुरक्षा से जुड़े सवाल शायद अनुत्तरित ही रहेंगे। इस घटना के अगले ही दिन एक संतरी की सिर में गोली लगने से मौत हो गई, जिसे खुदकुशी बताया जा रहा है। दोनों घटनाओं के आपस में जुड़े होने से इनकार किया जा रहा है, मगर कथित खुदकुशी की घटना भी संदेह और सवालों से परे नहीं है। सैन्य छावनियों में बाहरी लोगों का प्रवेश आसान नहीं होता। पुख्ता जांच के बाद ही वे प्रवेश कर सकते हैं, इसलिए इस तर्क को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि चार जवानों की हत्या करने वाले सेना के भीतर के ही लोग थे। मगर यह समझना थोड़ा कठिन है कि वे कैसे नकाब पहन कर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद बड़ी आसानी से निकल भागे। छावनियों में सेना की टुकड़ियां किसी वरिष्ट अधिकारी की निगरानी में रहती हैं। जगह-जगह आंतरिक सुरक्षा के इंतजाम होते हैं। निगरानी चौकियां बनी होती हैं। बठिंडा में इसे लेकर अधिक ही चौकसी की उम्मीद की जाती है। फिर कैसे दो नकाबपोश राइफल और कुल्हाड़ी लेकर भोजनालय वाले इलाके में पहुंचे और चार जवानों को मारने में कामयाब रहे। कैसे उन पर सुरक्षा में तैनात किसी सिपाही की नजर नहीं पड़ी या फिर जब गोलियां चलीं, तब भी कोई सक्रिय क्यों नहीं हुआ। इस घटना को मामूली चूक या आपसी वैमनस्य बता कर हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर कुछ सैनिकों की आपस में रंजिश थी, तो उसके बारे में उनके अधिकारियों को जानकारी कैसे नहीं थी। फिर उन लोगों की पहचान करने और उन्हें तलाशने में इतना वक्त कैसे लगा। यह घटना बड़े शातिराना ढंग से अंजाम दी गई। ऐसे लोग सेना के लिए किसी भी रूप में उचित नहीं माने जा सकते। सिपाहियों के बीच ऐसी आपसी रंजिश, जो खूंरेजी तक पहुंच जाए, सेना के अनुशासन पर सवाल खड़े करती है। फिर उस संतरी की मानसिक स्थिति का अंदाजा कैसे नहीं लगाया जा सका, जिसने पहरा देते हुए खुद को गोली मार ली। इन दोनों घटनाओं से यही रेखांकित हुआ है कि बठिंडा सैन्य ठिकाने में सब कुछ ठीक नहीं है। फिर यह भी कि सैनिकों की मानसिक स्थिति का आकलन करने के लिए जो सुझाव दिए गए थे, उनका सही ढंग से पालन नहीं हो रहा।

# मनपा ने करो का बोझ डाला जनता के ऊपर, राजनेताओं की बोलती बंद

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : २०२३-२४ के आर्थिक वित्तीय बजट में किसी भी प्रकार के कर की वृद्धि या कोई नया कर नहीं लगाने का झांसा देकर मनपा प्रशासन ने अब नए-नए करों और कर दर की वृद्धि का पिटारा खोल दिया है। हाल ही में पानी के दर में वृद्धि तथा जलापूर्ति लाभ कर के रूप में नये कर का बोझा नागरिकों पर डालने का प्रशासकीय प्रस्ताव पारित करने के बाद, मीरा-भायंदर महानगरपालिका की परिवहन सेवा के बस भाड़ा में भी वृद्धि करने तथा इसे मंजूरी हेतु मुंबई प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के पास भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया है। जिससे अब यात्रा भी महंगी हो जाएगी और अब अग्निशमन सेवा कर में भी एक प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। बता दें कि मीरा-भायंदर महानगरपालिका की अवधि अगस्त २०२२ में समाप्त हो गई थी। उसके बाद प्रशासकीय कामकाज लागू हुआ। आयुक्त दिलीप ढोले को प्रशासक के रूप में नियुक्त



किया गया। प्रशासकीय कामकाज के दौरान नागरिकों पर अभी तक मनपा ने १० फीसदी रास्ता कर १० से १५ फीसदी पानी आपूर्ति लाभ कर नई लागू की गई है। वहीं पानी के दर में भी २३ से ३० फीसदी तक की वृद्धि कर दी गई है। दूसरी तरफ मनपा के स्वामित्व वाले सभागृहों संपत्तियों के भाड़ा में भी वृद्धि कर दी गई है। इतने बड़े पैमाने पर नए-नए कर व कर की दरों में वृद्धि होते हुए भी स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व नगरसेवक, सभी की बोलती बंद है, यह आश्चर्य की बात है। मनपा प्रशासन हमेशा बढ़े हुए खर्च और कम आय का रोना रोता रहता है। मनपा प्रशासन का कहना है कि पिछले १५ वर्षों में कर वृद्धि नहीं की गई थी। दूसरी तरफ अग्निशमन विभाग में नए-नए वाहन, नए अग्निशमन केंद्र, नई भर्ती आदि करने के कारण खर्च में वृद्धि हुई है। वर्तमान में ३२७ अधिकारी व दमकल कर्मी तथा ३६ अग्निशमन वाहन हैं, इसीलिए एक फीसदी की वृद्धि कर अग्निशमन सेवा कर १.५ प्रतिशत वसूल करने का प्रशासकीय प्रस्ताव को आयुक्त ढोले ने मंजूरी दी है।

## अगर उन्हें महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है, तो वे पवार को यह मौका देंगे - आठवले

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ) के प्रमुख रामदास अठावले ने गुरुवार को कहा कि अगर एनसीपी नेता अजित पवार उनकी पार्टी में शामिल होते हैं तो उन्हें खुशी होगी. आठवले ने यह भी कहा कि अगर उन्हें महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है, तो वे पवार को यह मौका देंगे. मुझे नहीं लगता कि पवार बीजेपी में शामिल होंगे अजित पवार के बीजेपी में शामिल होने के पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए



अठावले ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अजित पवार बीजेपी में शामिल होंगे. पिछले शुक्रवार को पवार द्वारा कुछ कार्यक्रमों को रद्द करने और उनसे फोन से संपर्क नहीं हो पाने के कारण राजनीतिक हलकों में इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि पवार बीजेपी में शामिल हो सकते हैं. हालांकि इस पर सफाई देते हुए अजित पवार ने कहा था कि महाराष्ट्र में लंबी यात्रा के बाद थकावट हो जाने के कारण उन्होंने पिछले शुक्रवार को अपने कार्यक्रम रद्द कर दिया थे. दरअसल मीडिया में इन चचाओं को यू हीं हवा नहीं मिली, दरअसल साल २०१९ में अजित। पवार ऐसा कर चुके हैं. २०१९ में विधानसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में सरकार गठन पर गतिरोध के बीज अजित पवार ने बीजेपी को समर्थन देते हुए सरकार बना ली. २३ नवंबर को जहां देवेंद्र फडणवीस सीएम बने थे वहीं अजित पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी, हालांकि यह सरकार केवल ८० घंटे ही चल सकी थी. पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अठावले ने कहा कि अजित पवार एनसीपी प्रमुख शरद पवार के भतीजे हैं और शरद पवार ने अजित पवार को पार्टी में कई विभाग व पद दिए हैं. ऐसे में मुझे नहीं लगता कि पवार बीजेपी में शामिल होंगे.

## शांति समिति की बैठक संपन्न



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। भायंदर पूर्व के नवघर पुलिस स्टेशन में । डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती और रमजान के मौके पर शांति मोहल्ला कमेटी की बैठक बुलाई गई थी। नवघर थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार व पुलिस निरीक्षक प्रकाश मसाल ने सभी स्थायी व अस्थाई सदस्यों को निर्देश दिए। साथ ही मीरा भायंदर शहर में सभी धर्मावलम्बी रहते हैं सभी किसी भी उत्सव को बडे.पैमाने पर मनाते हैं, लेकिन शांति और कानून व्यवस्था को भंग न करने की सलाह दी। मीरा भायंदर में धार्मिक उत्सव के दौरान थाना क्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति में शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सदभाव व अमन-चैन बनाए रखने के लिए नवघर थाना शांति मोहल्ला कमेटी की बैठक हुई। शांति समिति में स्थायी अध्यक्ष के रूप में विजय पवार और सचिव सदस्य के रूप में प्रकाश मसाल थे शांति समिति के सदस्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी से काम करना होगा कि सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो। इसके अलावा इस समिति में स्थायी सदस्य जैसे कुछ पूर्व नगरसेवक और अस्थायी सदस्य जैसे सभी धर्मों के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संगठनों के सदस्य, वकील, डॉक्टर, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, संगठनों के सदस्य, व्यवसायी, उद्यमी, शिक्षाविद, पत्रकार शामिल थे।

## पार्किंग को लेकर ठेकेदार की तानाशाही

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : मीरा रोड स्टेशन के बाहर पार्किंग ठेकेदार पर तय शुल्क से अधिक शुल्क लेने का आरोप लगा है। मनपा की तरफ से सार्वजनिक स्थलों पर पार्किंग के लिए दर और समय निर्धारित किया गया है। आरोप है कि ठेकेदार निर्धारित दर से दोगुना पार्किंग शुल्क वसूल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा गुप्ता ने बताया कि उन्होंने ८ अप्रैल की रात ११:४८ जे मुंबई जाने के लिए मीरा रोड स्टेशन के पास पार्किंग



में अपनी मोटरसाइकल खडी की थी। उस समय वहां उपस्थित ठेकेदार के लोगों ने उन्हें २४ रुपये की रसीद दी थी। तब गुप्ता ने उन्हें बताया था कि वह कल लौटेंगे। इसके बाद गुप्ता ९ अप्रैल को शाम ४:०० जब मुंबई से लौट कर अपनी बाइक पार्किंग से लेने गए, तो उनसे दोबारा पार्किंग शुल्क के रूप में अतिरिक्त २४ रुपये लिए गए। गुप्ता ने इस पर आपत्ति जताई। गुप्ता ने जब उन्हें मनपा की तरफ से निर्धारित दर की सूची दिखाने को कहा, तो ठेकेदार के लोगों ने इनकार कर दिया। इस बारे में ठेकेदार से संपर्क नहीं हो सका है। प्रभाग अधिकारी ने इस मामले में जांच की बात कही है। गौरतलब है कि इस प्रकार की घटना इससे पूर्व भी घटित हो चुकी है, जिसके बाद मनपा ने उक्त ठेकेदार का ठेका रद्द कर दिया था।

## अवैध प्लांट पर मनपा की गिरी गाज, पानी और लाईट काटने का दिया आदेश



**मीरा-भाईंदर:** भाईंदर (पश्चिम) स्थित एक अवैध आरएमसी प्लांट पर कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्लांट बंद करने का निर्देश दिया है। प्रदूषण बोर्ड ने अपने आदेश में मीरा-भाईंदर मनपा और अडानी इलेक्ट्रिसिटी को भी क्रमश: उक्त प्लांट के पानी और बिजली कनेक्शन काटने का निर्देश दिया है। भाईंदर में डी-मार्ट के पास एक अवैध आरएमसी प्लांट चल रहा था। प्लांट में बडे.पैमाने पर नियमों का उल्लंघन कर पर्यावरण और लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। ठाणे प्रदूषण बोर्ड ने अपनी जांच में नियमों के उल्लंघन को सही पाया और प्रशासनिक जांच के बाद प्लांट को बंद करने का आदेश जारी कर दिया।

मीरा-भाईंदर मनपा वसूलेगी दंड

संज्ञान में आया है कि प्लांट मालिक ने मीरा-भाईंदर मनपा से किसी प्रकार की इजाजत नहीं ली थी, न ही मनपा को तय शुल्क २५,००० मासिक नहीं दिया जा रहा था। उपायुक्त मारति गायकवाड ने बताया कि मनपा उक्त प्लांट मालिक से दंड वसूलेगी। मनपा के पास अवैध प्लांट को तोडने का अधिकार है।

## खटारा गाडियों से उठाते है कचरा, जनता होती है दुर्घटना की शिकार

भायंदर : मीरा-भायंदर शहर में प्रतिदिन जमा होने वाले करीब ५०० टन कचरे को भायंदर पश्चिम के धावगी गांव में स्थित घनकचरा प्रकल्प पर निस्तारण के लिए ले जाया जाता है. प्रतिदिन दैनिक कचरा शहर में जमा कर प्रकल्प तक पहुंचाने के लिए कोणार्क इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को ठेका दिया गया है. शिव समर्थ प्रतिष्टान के अध्यक्ष गणेश शिवाजी बामने ने मनपा आयुक्त प्रशासक दिलीप ढोले तथा पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे को दिए अपने ज्ञापन में यह आरोप लगाया है कि कोणार्क इंफ्रास्ट्रक्चर कुल १८ वाहनों से कचरा ढुलाई का कार्य करती है. इन १८ वाहनों की फिटनेस और योग्यता प्रमाण पत्र नहीं ली



गई है. शिकायत में कहा गया कि वाहनों के फिटनेस और योग्यता से संबंधित कागज पत्रों की जांच करें, कई वाहनें पुरानी हो चुके हैं. गाडि़यों से कचरे का पानी व कीचड.रिस कर अक्सर सडक़ों पर फैल जाता है, जिससे कई बार दो पहिए वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हुए हैं. कचरा ढोने वाली वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं होने की शिकायत बामने ने यातायात विभाग प्रादेशिक परिवहन विभाग के अधिकारियों से भी की है. इस संबंध में अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे से पूछने पर उन्होंने कहा कि इस विषय की जानकारी उन्हें नहीं है. इसकी जांच के बाद ही वे कुछ बता सकेंगे.

## जर्जर हुई इमारतों पर गिरेगी गाज

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। बरसात के दिनों में मीरा भाईंदर शहर में स्थित इमारतों में कोई अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए मीरा भायंदर महानगर पालिका ने ३० वर्ष पूर्ण कर चुकी ११०८ इमारतों को धोखादायक बताते हुए उनके स्ट्रक्चरल ऑडिट करने की नोटिस भेजी है। महापालिका द्वारा नोटिस भेजे जाने के बाद अब तक केवल ३६९ इमारतों की स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट जमा हो पाई है। मीरा भायंदर में खतरनाक इमारतों को लेकर १० अप्रैल को महापालिका आयुक्त दिलीप ढोले ने एक बैठक बुलाकर चर्चा की थी। आयुक्त ने महापालिका अधिकारियों से धोखादायक इमारतों का सर्वे करने तथा उसका आहवाल जमा करने का निर्देश दिया था। महापालिका अधिकारियों द्वारा मीरा भायंदर के ६ प्रभाग समितियों मे किए गए सर्वे के बाद पता चला कि मीरा भायंदर में ३० वर्ष से ज्यादा पुरानी इमारतों की संख्या ११०८ है, जो धोखादायक इमारतों की श्रेणी में आती हैं।आयुक्त के निर्देश के बाद इन सभी इमारतों को स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट जमा करने के लिए नोटिस दी गई। जिन इमारतों की स्थिति ठीक है ,ऐसी इमारतों की दुरुस्ती के बाद महापालिका द्वारा उन्हें मंजूरी दे दी जाती है। परंतु ज्यादा खराब हो चुकी इमारतों में रहने वाले लोगों के जीवन को खतरे में देखते हुए महापालिका द्वारा ऐसी इमारतों को खाली करा ली जाती है।

# डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती मनाई नगरपालिका में



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मीरा भायंदर शहर में भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की १३२वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। सबसे पहले सुबह ९ बजे काशीमीरा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के अश्वारोही स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद सुबह ९.३० बजे भायंदर पश्चिम गेट से महामानव भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सलामी दी गई। उसके बाद सुबह ०९.४५ बजे महापालिका मुख्यालय के सामने अहाते में छत्रपति शिवाजी महाराज व भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह १० बजे महापालिका के प्रधान कार्यालय ,द्वितीय तल पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर महापालिका आयुक्त और प्रशासक दिलीप ढोले, अपर आयुक्त संभाजी पानीपटे, उपायुक्त (मुख्यालय) मारूति गायकवाड ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उपायुक्त (पार्क) कल्पिता पिंपले, अभियंता दीपक खांबित, अतिरिक्त शहर अभियंता सुरेश वाकोडे, नगर सचिव वासुदेव शिरवालकर, कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर, कार्यकारी अभियंता नितिन मुकणे, जनसंपर्क अधिकारी और सिस्टम मैनेजर राज घरत, सभी सहायक आयुक्त, सभी प्रमुख विभाग, अधिकारी वर्ग व कर्मचारी मौजूद रहे।

# परियोजना के आड़े आ रहा है एस्केलेटर

**जेकेएस संवाददाता**

ठाणे, रेलवे स्टेशनों पर लगे एस्केलेटर्स से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिल रही है। ठाणे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.-१० पर लगे एक एस्केलेटर को हटाने का काम रेलवे प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यह एस्केलेटर ठाणे स्टेशन-पूर्व में चल रही सेटिस परियोजना के आड़े आ रहा है। सवाल यह पैदा होता है कि जब सेटिस परियोजना का पूरा खाका रेलवे की सहमति से तैयार किया गया है तो रेलवे को लाखों रुपया खर्च कर उस जगह पर एस्केलेटर लगाने की क्या जरूरत थी ? रेलवे प्रशासन के कुप्रबंधन के चलते एस्केलेटर लगाने और उसे हटाने में जो लाखों रुपए खर्च हुए, उसका जिम्मेदार कौन है? यह सवाल आम



यात्रियों द्वारा पूछा जा रहा है। ऐतिहासिक ठाणे रेलवे स्टेशन का कायापलट करने का प्रयास रेलवे प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। भीड़भाड के दौरान वरिष्ट नागरिकों, बच्चों, दिव्यांगो तथा महिलाओं के लिए एस्केलेटर्स अधिक उपयोगी साबित हो रहे हैं, बावजूद इसके एक गलत जगह पर लगाए गए एस्केलेटर को हटाने का काम रेलवे प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ठाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.-१० पर फूड प्लाजा के बगल में २०१८-१९ में एक एस्केलेटर लगाया गया था। लाखों रुपए खर्च कर निर्मित इस एस्केलेटर का उपयोग बड़ी संख्या में यात्रीगण कर रहे थे। अब इस एस्केलेटर को हटाने का काम शुरू किया गया है। ठाणे-पूर्व में सेटिस परियोजना का काम पिछले दो वर्षों से शुरू है। सेटिस परियोजना के आड़े आनेवाले हर तरह के निर्माण को हटाने का काम किया जा रहा है। ४ वर्ष पूर्व लगे एस्केलेटर के हटाने को लेकर यात्रियों में गहरा आक्रोश है। इस संबंध में यात्री आनंद कोली का कहना है कि सेटिस परियोजना की जानकारी जब रेलवे प्रशासन के पास थी तो उस जगह पर एस्केलेटर लगाने की जरूरत क्या थी ? यह आम लोगों के पैसों की बर्बादी है। ठाणे स्टेशन के आसपास यातायात समस्या को दूर करने के लिए आज से ७ वर्ष पूर्व रेलवे की सहमति से सेटिस परियोजना की शुरुआत की गई थी। ठाणे-पश्चिम में परियोजना का काम पूरा हो चुका है। ठाणे-पूर्व में यह परियोजना शुरू है। यह जानकारी सार्वजनिक है। इसके बावजूद रेलवे के एक अधिकारी का कहना है कि यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म नं.-१० पर प्रशासन की मंजूरी मिलने के बाद एस्केलेटर लगाया गया था। उस समय सेटिस परियोजना के बारे में जानकारी नही थी। अब इसे दूसरी जगह स्थानांतरित करने का काम किया जा रहा है।

# नकली पुलिस अफसर बनकर करता था पान की दुकानों में छापेमारी, असली खाकी वर्दी वालों ने किया गिरफ्तार

मुंबई : महाराष्ट्र से मिल रही बड़ी खबर के अनुसार, मुंबई की साकीनाका पुलिस ने एक फर्जी पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। दरअसल ये फर्जी अधिकारी, यहां के पान की दुकानों पर विदेशी सिगरेट रखने और उस पर कार्रवाई के बहाने बडे. पैमाने पर जमाखोरी करता था। आरोपी का नाम कैलाश खामकर है। इसके पास से पुलिस की 'घ और कई पैकेट विदेशी सिगरेट के पैकेट जब्त किए हैं। मामले पर मुंबई पुलिस के घभ× माहेश्वर रेड्डी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को उस पर शक हुआ था। इस आधार



पर पूछताछ की तो पता चला कि वो कोई पुलिस अधिकारी नहीं है। मामले पर मुंबई पुलिस के घभ× माहेश्वर रेड्डी ने बताया कि, यह फेक पुलिस अधिकारी साकीनाका की हद में एक पान पट्टी वाले दुकानदार को शिकार बनाने की फिराक में था। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी को उस पर शक हुआ। जब उससे पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि वह एक नकली पुलिस कर्मचारी है। दरअसल उसके पहनावे के तरीके, गले में रुमाल और पान खाकर बात करने के तरीके ने असली पुलिस के मन में इस नकली के लिए शक पैदा कर दिया। वहीं दिलचस्प बात ये रही कि फर्जी पुलिस वाले कैलाश खामकर ने खाकी वर्दी तो पहन रखी थी पर उसके कंधे पर कितने सितारे होते हैं शायद इसका पता खुद उसे ही नहीं था। वहीं इस आरोपी के पास से मुंबई के ही एक पुलिस स्टेशन की फेक पुलिस 'घ बरामद हुई। वो इसी का इस्तेमाल कर पान की दुकान वालों को धमकाने और पैसे वसूली करने का काम करता था। फिलहाल पुलिस ने गाडी के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया और आगे की जांच कर रही है।

## हमारा समाज बागी हो सकता है, लेकिन बेईमान नहीं -कृपाशंकर



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : रविवार को मीरा रोड के बालाजी लॉन में उत्तर भारतीय समाज का मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृपाशंकर सिंह, ऐडवोकेट अखिलेश चौबे, राधेश्याम तिवारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष रवि व्यास, शिवसेना नेता शैलेश पांडेय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि आज समाज को एकजुट होने की जरूरत है। समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विचार करना चाहिए। हमारा समाज बागी हो सकता है, लेकिन बेईमान नहीं। उन्होंने कहा कि मीरा-भाईंदर में अगला महापौर उत्तर भारतीय समाज से ही होगा। ऐडवोकेट चौबे ने कहा कि अब लड़ाई रोटी, कपड़ा और मकान से आगे बढ़कर आत्मसम्मान की है। विभिन्न वर्गों में घंटे समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पूर्व नगरसेवक मदन सिंह, विजय राय, सुरेश खंडेलवाल नीला सॉस, दारोगा पांडे, सुरेश सिंह, संदीप तिवारी, कमलेश दुबे भी मौजूद रहे।

# नाला कचरे से भरा लबालब, मनपा ने तोडने के साथ साथ कई लोगों को किया बेघर

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. भायंदर पश्चिम में गणेश देवल नगर व बजरंग नगर के बीच वाले नाले की मानसून पूर्व सफाई के लिए कई पुराने झोपडों को मीरा-भायंदर मनपा ने बुधवार को जमीध्वस्त कर दिया.तोडक़ कार्रवाई बिना पूर्व सूचना के ही की गई.जिसका स्थानीय नगरसेवक अशोक तिवारी सहित लोगों ने हंगामा कर विरोध किया. अशोक तिवारी ने ९-१० तथा मनपा ने ४ झोपडे. तोडे. जाने का दावा किया है.तिवारी को पुलिस ने ऐतिहातन कब्जे में ले लिया था.बजरंग नगर और गणेश देउल नगर के बीचो-बीच से गुजरा नाला कचरे से लबालब पटा रहता है,जो स्वच्छ मीरा-भायंदर के लिए एक दाग जैसा था.प्रशासन का कहना था कि नाले



की सफाई में झोपडे. बाधक थे.मौके पर पोकलन मशीन पहुंच नहीं पाती थी,जिससे नाला की सफाई करना मुश्किल था.बजरंग नगर की तरफ से पुराने झोपडों को तोडक़र रास्ता बनाया गया है.मौके पर स्थानीय नगरसेवक पंकज पांडे उर्फ दारोगा तथा अशोक तिवारी मौजूद थे.लेकिन कब्जे में सिर्फ अशोक तिवारी को लिया गया.उससे पहले तिवारी मनपा प्रशासक की केबिन में पहुंचकर भी तीखी बहस की. तिवारी ने बताया कि एक झोपडा बंद था और परिवार गांव गया हुआ है. उसका पूरा समान खुले में बिखरा हुआ है.तोडे.गए झोपडे.साल २०१० से पहले के थे. झोपडा धारकों का पहले पुनर्वास और बाद में झोपडे.तोडने की उनकी मांग वे ८-१० दिन से कर रहे थे.लेकिन बुधवार को मनपा अचानक उन पर बुलडोजर चला दी.तिवारी ने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक विरोधियों से मिलीभगत कर प्रशासन झोपडे.तोडने की साजिश की.लोगों को घर दिलाए बिना वे चुप नहीं बैठेंगे.

# चोरी के आरोप में २ गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर: नवघर पुलिस द्वारा बाइक चोरी की जांच के दौरान गिरफ्तार २ आरोपियों द्वारा ४ बाइक चोरी किए जाने का खुलासा हुआ है। भाईंदर पूर्व के नवघर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत जैसल पार्क निवासी श्यामलाल गुप्ता ने होंडा बाइक चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। इसकी जांच के दौरान गुप्त मुखबिरों से मिली जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अपराध अन्वेषण शाखा अधिकारियों ने शुभम नीरज सिंह (२५) को दहिसर और ओम विक्रम सोलंकी (१९) को भाईंदर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में इन दोनों ने ४ बाइक चोरी करने का अपराध स्वीकार किया है।



